प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कृषि क्षेत्र को अधिक प्रतिस्पर्धी और निर्यात उन्मुख बनाने पर जोर दिया है। आज कृषि क्षेत्र की पोस्ट बजट वेबिनार में प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि देश की दीर्घकालिक विकास यात्रा का रणनीतिक स्तम्भ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में निर्यात को बढाना जरूरी है। इसके लिए किसानों को रसायनमुक्त प्राकृतिक खेती पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

.....

प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से ठोस और तरल अपशिष्ठ प्रबंधन के लिए शुरू की गई गोबरधन योजना को आगे बढाने का भी आग्रह किया।

0000

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा है कि विकासशील और अल्पविकसित देशों के लिए समुद्री विकास में स्थिरता आवश्यक है। नई दिल्ली में रायसीना डॉयलाग के दूसरे दिन श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत के निर्णय राष्ट्र हितों के अनुरूप होते हैं। ये किसी एक गुट के साथ नहीं जुड़े है। उन्होंने कहा कि भारत नौवहन की स्वतंत्रता का निरंतर समर्थन करता है और हिन्द–प्रशांत क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को बदलने के एकतरफा प्रयासों का विरोध करता है। श्री कीर्ति वर्धन ने कहा कि भारत अमरीका के साथ खुले, मुक्त समावेशी और सहयोगात्मक हिन्द प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को साझा करता है। वहीं यूरोप के साथ भारत का सहयोग साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यावहारिक बातचीत पर आधारित है।

0000

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर अब दो समय खुलेंगे। इन केंद्रों पर खांसी, जुकाम, बुखार समेत अन्य सामान्य बीमारियों के मरीजों के लिए सुबह के साथ शाम को भी ओपीडी संचालित की जाएगी। नेशनल हेल्थ मिशन ने इस बारे में आदेश जारी किए हैं। मिशन निदेशक डॉ. सुशील कुमार परमार ने बताया कि नए आदेश के अनुसार 30 सितंबर तक ओपीडी समय सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम पांच बजे से सात बजे तक रहेगा। वहीं रविवार और राजकीय अवकाश के दिन अस्पताल सुबह 9 से 11 बजे तक एक पारी में संचालित होंगे। यह व्यवस्था आज से पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई है।

0000

जैसलमेर और करौली के जिला अस्पतालों में आज वरिष्ठ नागरिक सेवा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इनमें बुजुर्गो के लिए स्वास्थ्य परामर्श और जांच की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही कैंसर रोग की स्क्रीनिंग भी की जायेगी।

0000

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ का आज 57वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ओडिशा के मुंडाली में आयोजित समारोह में हिस्सा ले रहे है। सीआईएसएफ देश के महत्वपूर्ण संस्थानों, परमाणु ऊर्जा संयत्रों, बंदरगाहों और हवाईअड्डों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

0000

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। श्रद्धालु विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा मोबाइल ऐप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने बताया कि इस वर्ष चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू होगी। इसी दिन यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को और बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। चारधाम यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

जो श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण नहीं करा पाएंगे, उनके लिए ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यह सुविधा 17 अप्रैल से शुरू की जाएगी।

0000

8वें वेतन आयोग ने सेवारत कर्मचारी और पेंशनभोक्ता संघों, संगठनों, संस्थाओं और इच्छुक लोगों सहित विभिन्न हितधारकों से ज्ञापन और सुझाव आमंत्रित किये हैं। इन्हें आयोग की अधिकारिक वेबसाइट पर भेजा जा सकता है। आयोग ने कहा कि केवल ऑनलाइन पोर्टल से ही सुझाव लिए जाएंगे, कागजी परिपत्र, पीडीएफ और ई–मेल से भेजे गए सुझावों पर विचार नहीं होगा। ये सुझाव तीस अप्रैल तक भेजे जा सकते है।

0000

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस पहल के तहत युवाओं को प्रश्नोत्तरी, वीडियो चुनौतियों और रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से जोडा जायेगा। ताकि इसे एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जन आंदोलन बनाया जा सके। अभियान के अंतर्गत, 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की शार्ट वीडियो, रील या एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता '60 सेकंड फॉर माई विलेज' भी आज से शुरू की जा रही है। युवा माई भारत पोर्टल के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

0000